भारत सरकार

परमाणु ऊर्जा विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या-3188

उत्तर दिनांक 19/03/2025 को दिया गया

परिवहन साधन और परमाणु विद्युत संयंत्र

3188. श्री चन्द्र प्रकाश जोशी

क्या प्रधानमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या सरकार द्वारा परमाणु संयंत्रों तक परिवहन के साधनों के लिए कोई योजना बनाई गई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार का रावतभाटा परमाणु विद्युत केन्द्र को चार लेन वाले राजमार्ग अथवा रेलवे से जोड़ने का प्रस्ताव है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इस पर कब तक विचार किए जाने की संभावना है?

उत्तर

राज्य मंत्री, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन तथा प्रधानमंत्री कार्यालय (डॉ. जितेंद्र सिंह)

(क) भारी, अधिक आयामी उपकरणों और घटकों के परिवहन की सुविधा उपलब्ध होना, नाभिकीय विद्युत संयंत्र के लिए स्थल चयन के विचारणीय मानदंडों में से एक है। यदि आवश्यक होता है, तो मौजूदा सड़क/पहुंचने के आधारिक ढ़ांचे में अपेक्षित सुधार करने के लिए इन आवश्यकताओं को संबंधित प्राधिकारियों के साथ लिया जाता है।

(ख) व (ग) विभाग में ऐसी कोई जानकारी उपलब्ध नहीं है।

*****